वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पी–एच0 डी0 प्रवेश–2020 हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

पत्रांकः 3612 शैक्षणिक/2021 दिनांकः 15.06.2021

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पी–एच0डी0 प्रवेश–2020 से सम्बन्धित समस्त राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यो/विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों के विभागाध्यक्षों/शोध निर्देशकों एवं अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत् हैं –

1. पी–एच0डी0 प्रवेश–2020 की सूचना विवरणिका में दिये गये अर्हता जैसे नेट/जे0आर0एफ0/गेट(>75% स्कोर) स्थायी शिक्षक/आर्मी सर्विस/एन0आर0आई0/व्यावसायिक एवं उद्योग प्रशासन का अनुभव प्राप्त इत्यादि (पी–एच0डी0 अध्यादेश–2017 के तहत पी0यू0 क्रेट (प्रवेश परीक्षा) से छूट प्राप्त) अभ्यर्थी, जिन्होंने पी–एच0डी0 में प्रवेश हेतु सत्र–2020 में आवेदन किया है तथा पी0यू0 क्रेट परीक्षा–2020 उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन के लिए अर्ह होंगे। आवेदन के लिए अर्ह अभ्यर्थियों में अलग से कोई वरीयता क्रम निर्धारित नहीं किया गया है। आवेदन हेतु अर्ह सभी अभ्यर्थी समान है।
2. उक्त सभी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय परिसर में संचालित अपने विषय से सम्बन्धित विभागों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों तथा अनुदानित महाविद्यालयों के सम्बन्धित विभागों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करेंगे। आवेदन पत्र, शोध निदेशकों की सूची एवं रिक्त सीटों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।
3. अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार विश्वविद्यालय परिसर/महाविद्यालयों में अपने विषय से सम्बन्धित विभागों में आवेदन कर सकते है।
4. अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों का संस्थानों में विभागवार गठित डी0आर0सी0 (विभागीय शोध समिति) द्वारा परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को सम्बन्धित डी0आर0सी0 के समक्ष अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना होगा। यदि आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी शोध–प्रस्ताव (Synopsis) संलग्न नहीं कर सका है, तो साक्षात्कार के समय उसे शोध–प्रस्ताव (Synopsis) के साथ उपस्थित होना होगा।
5. संस्थानों में विभागवार गठित डी0आर0सी0 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर अपनी संस्तुति विश्वविद्यालय में गठित सम्बन्धित विषय की आर0डी0सी0 (शोध उपाधि समिति) को अग्रसारित करेगी। आर0डी0सी0 की संस्तुति के बाद पी–एच0डी0 में प्रवेश हेतु सफल शोधार्थियों की शैक्षणिक विभाग से अपना शोध सम्बन्धी पत्र प्राप्त करेगा और विश्वविद्यालय में रू0 30,000/– (तीस हजार) (सभी वर्ग हेतु) फीस जमा करने के पश्चात् अपना प्रवेश सम्बन्धित संस्थानों में ले सकेंगे।
6. अभ्यर्थी दिनांक 16.06.2021 से 30.06.2021, सायं, 4.30 बजे तक अपना आवेदन पत्र समस्त निर्धारित प्रपत्रों की छायाप्रतियों के साथ संस्थानों के सम्बन्धित विभागों में व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक से जमा कर सकते हैं। उसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 10.07.2021 तक अपने स्तर पर साक्षात्कार की प्रक्रिया डी0आर0सी0 द्वारा सम्पन्न करा ली जाय। तत्पश्चात् विभागाध्यक्ष/प्राचार्य अपने माध्यम से समस्त प्रपत्रों सहित शोध प्रस्ताव विश्वविद्यालय को दिनांक 15.07.2021 तक कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को प्रेषित करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 16.07.2021 से 30.07.2021 तक आर0डी0सी0 की प्रक्रिया सम्पन्न करायेगा। तत्पश्चात् शोधार्थियों को प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शोध पत्र निर्गत किया जायेगा।
8. शोधार्थियों को पी–एच0डी0 से सम्बन्धित कोई अन्य जानकारी प्राप्त करनी है तो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभाग में दिनांक 21, 22, एवं 23 जून, 2021 को सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

निदेशक
पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2020

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभारी, बेव मास्टर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय बेवसाइट पर उक्त सूचना प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

निदेशक
पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2020

कुलसचिव